nt>

Title: Demand for parity of pay scales of Head Constables and constables of Department of Custom and Department of Excise with the Central Bureau of Investigation.

श्री आनन्द मोहन : सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान अति लोक महत्व के निम्नांकित विषय की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। अखिल भारतीय सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के अधीन कार्यरत सिपाही एवं हवलदार का वेतनमान ७७५ रुपए है। सिपाही और हवलदार १८ तारीख से हड़ताल पर हैं।

श्री राजेन्द्र अग्निहोत्री : किस प्रदेश में हैं।

श्री आनन्द मोहन : सीमा शुल्क का मामला है। पूरे देश का मामला है।

पांचवें वेतन आयोग की सिफारिश के आधार पर २६१० रुपए निर्धारित हैं। इस मांग को लेकर ये लोग करीब २५ दिन से हड़ताल पर हैं। इस विभाग के सिपाही की ओर से कैट चंडीगढ़ एवं जोधपुर में जो राय व्यक्त की है उससे इनकी मांग की संपुष्टि हुई है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो के सिपाही की डयूटी इनसे मिलती जुलती है। इस संबंध में भी कैट ने अपनी राय दी है। इनकी संख्या करीब १९००० है। ये सभी १८.५.९८ से हड़ताल पर हैं एवं दिनांक १०.०६.९८ से आमरण अनशन पर बैठे हैं। इन लोगों की मांग पूरी करने के बजाए इनके विरूद्ध दमनात्मक कार्यवाई की जा रही है।

केन्द्र सरकार से मेरा विनम्र अनुरोध है कि केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के सिपाही १८.५.९८ से हड़ताल पर हैं और गत १०.६.९८ से आमरण अनशन पर भी चले गये हैं। सरकार को इनके प्रति सहानुभूति दर्शाते हुए शीघ्र बातचीत करनी चाहिए और किसी ठोस निर्णय पर पहुंचना चाहिए। इक्वल पे और इक्वल वर्क की नीति अ पनानी चाहिए। इसके साथ-साथ इसकी जांच का काम पूरा किया जाये ताकि उन् लोगों का जो आक्रोश और असंतोष है, वह दूर हो सके।